पटना में नकली घी फैक्ट्री का भंडाफोड़, मारूफगंज मंडी में वरुण पूजा घी के नाम पर बन रहा था नकली सामान

PATNA CITY: खाद्य सामग्री में मिलावट और नकली उत्पादों का धंधा कानून की सख्ती के बावजूद भी थमने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा ही एक मामला बिहार की राजधानी पटना से सामने आया है, जहां एक नामी ब्रांड 'वरुण पूजा' घी की नकली पैकिंग कर उसे बाजार में बेचा जा रहा था। पुलिस और कंपनी की संयुक्त छापेमारी में करोड़ों रुपये मूल्य के नकली घी और उससे जुड़े सामान बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित ऐतिहासिक मारूफगंज मंडी में की गई, जहां गुप्त सूचना के आधार पर वरुण पूजा कंपनी के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के साथ एक गोदाम पर छापा मारा। इस छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकली घी से भरे डब्बे, ब्रांडेड रैपर, कच्चे माल और पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई है।

Source: https://firstbihar.com/bihar/patna-news/fake-ghee-factory-busted-in-patna-fraud-of-varun-pooja-brand-worth-crores-exposed-193729